फर्द अहकाम

अज अदालत–**न्यायालय जिला कलक्टर–मुकाम–भरतपुर**

रतनलाल बनाम जिला रसद अधिकारी भरतपुर

किस्म मुकदमा प्रार्थना पत्र बाजवा नम्बर नम्बर 96 सन् 2017

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुये
30.11.2021	पत्रावली पेश हुई। वकील प्रार्थी उपस्थित। प्रार्थी के प्रार्थना पत्र बाबत् पुनः नम्बर पर लिये जाने अपील इस आशय की पेश की है कि अपील संख्या 05/2014 न्यायालय में विचाराधीन थी जिसमें गत तारीख पेशी 30.11.2017 बताई गई थी। जिसे वह अपने वकील साहब को नोट कराकर चला गया। दिनांक 30.11.2017 को न्यायालय में तारीख पेशी बाबत् जानकारी करने पर पाया कि उसकी अपील दिनांक 30.11.2017 को ही अदम पैरवी में खारिज कर दी गई है। अपीलान्ट अपनी अपील में पैरवी काफी गंभीरता से करता चला आ रहा है। अगर अपील पुनः रेस्टोर नही किया गया तो अपीलान्ट को अपरिमित क्षति होगी व कानूनी अधिकारों से वंचित हो जावेगा। प्रार्थी द्वारा मूल अपील को पुनः नम्बर पर लिये जाने की प्रार्थना की है। हमने प्रस्तुत प्रार्थना पत्र का अवलोकन किया। प्रार्थी के कथनानुसार मूल पत्रावली में दिनांक 30.11.2017 तारीख पेशी न्यायालय द्वारा नियत ही नही की गई है। दिनांक 10.10.2017 को आगामी तारीख पेशी 30.10.2017 तत्पश्चात् 31.10.2017 नियत की गई है। दिनांक 31.10.2017 को अपीलान्ट व उनके अभिभाषक को आवाज दिलाई गई किन्तु कोई उपस्थित नही हुये। इसके अलावा प्रार्थी द्वारा अपने प्रार्थना पत्र की पुष्टि में ऐसी कोई प्रमाण पेश नही किया गया है कि उसके प्रार्थना पत्र में वर्णित कथनों की पुष्टि होती हो। अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र दिनांक 30.11.2017 बाबत् पुनः नम्बर लिये जाने अपील खारिज किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर वाद् तक्मील दाखिल दफ्तर हो। जिला कलक्टर भरतपुर (राज०)	